

# GOKUL

*A Society for Divyang People*

# गोकुल एक नया सवेरा

## दर्शन

'गोकुल' विशिष्ट जन के लिए ऐसे परिदृश्य की रचना करने का अभिलाषी है जहाँ युगों से प्रचालित यह सोच परिवर्तित हो कि विशिष्ट जन शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, भावनात्मक दृष्टिकोण से आश्रित होते हैं।

संसार में ऐसे भावनात्मक वातावरण की रचना हो जिसमें विशिष्ट जन की स्नेह युक्त देखभाल से उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जाये, वह सफलता की नवीन ऊँचाईयों को छुँये और चमकते हुये सितारे के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें। संसार को इन पर तथा इन्हें संसार पर गर्व हो।

## संकल्प

समाज में विशिष्ट जन के ऐसे समूह का निर्माण जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह सिद्ध कर सकें कि उसका जीवन स्वावलम्बी, सम्मानीय एवं उपयोगी है।

## उद्देश्य


१. समाज में विशिष्ट जन की समस्याओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना

२. उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं इलाज हेतु आधारभूत सुविधाओं का निर्माण एवं प्रबन्ध

३. रोजमर्रा की समस्याओं से जूझने हेतु विशिष्ट जन को मनोवैज्ञानिक तरीकों से मानसिक रूप से सुदृढ़ करना

४. जीवन की विभीषिकाओं से जूझने हेतु ध्यान एवं आध्यात्मिक शक्तियों के विकास द्वारा उनके अन्दर आत्मशक्ति का निर्माण

५. विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से विशिष्ट जन हेतु कल्याणकारी योजनायें चलाना।



# GOKUL

'Gokul Society for Handicapped' is registered -

Under the Societies Regd. Act 1860. Regd No-UK06008102020004905.

Under CSR Activities (CSR00007158)

Exempted under the section 80 G of Income Tax Act By Commissioner of Income Tax, Dehradun. Regd No (AAATG4558PF20213).

Exempted under the section 12(A) of Income Tax Act.
Regd No (AAATG4558PE20215)

Date of Registration : September 16th, 2000

Area(s) of activity: Uttarakhand


Address: ¼, Teg Bahadur Road, Lane-1
Dehradun-248001

E-mail : omgokul2002@yahoo.com

Website : www.gokulatdoon.com

Mobile : +91 9411 114 794
+91 9412962959

# सत्यम शिवम सुंदरम

सत्य की राह पर कदम जब बढ़ गये,
खुशियों के अनगिनत फूल राह में खिल गये।
हर फूल स्नेह धागे में पिरोया है.
प्रभु के चरणों में अर्पित हो हर फूल,
इसे हर दुःखी जन के सर पर ताज सा संजोया है।
सत्यम शिवम सुंदरम के मधुर अहसास से,
मन हर्षित हो आया है–

# गोकुल का जन्म

गोकुल का जन्म एक दिव्यांग देह के भीतर छुपे सबल मन में दबी जीने की प्रबल चाह की परिणति है। उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जनपद के निवासी परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी के मन में दिव्यांगजन के कठिन जीवन से दृढ़ चाह उत्पन्न हुयी कि इनकी बेहतर स्थिति के लिए समाज में प्रयास आवश्यक हैं। यदि परिवार तथा समाज का स्नेहिल, प्रेरणादायक सहयोग मिले तो दिव्यांग व्यक्ति भी परिवार और समाज के हित में साहसिक कार्य कर सकता है।

श्री जगूड़ी जी द्वारा बाल्यकाल में ही घर से दूर रहकर बनारस, हरिद्वार में गुरूकुल मे शिक्षा ग्रहण की गयी। दिव्य संतो के सान्निध्य में उनका जीवन बीता। जिससे जीवन में सांस्कारिक मूल्यों के प्रति वह सदैव समर्पित रहे। बाल्यावस्था में उपजा दिव्यांगजन की सेवा का विचार मूर्त रूप धारण कर सके इसके लिए उनकी तलाश पूर्ण हुई जब सुश्री मधु मैखुरी उनके सम्पर्क में आयी।

पोलियो से प्रभावित सुश्री मधु मैखुरी बचपन से युवावस्था तक पोलियो से संघर्ष के मध्य शिक्षा पूर्ण कर बैंक में अधिकारी के रूप में नियुक्त होकर स्वावलम्बी होने के आत्मविश्वास से पूर्ण थी। एकाएक वर्ष 1996 में चिकित्सकों द्वारा उन्हें जानकारी दी गयी कि उनकी दोनो पाँव की सर्जरी आवश्यक हैं अन्यथा वह भविष्य में चलने में असमर्थ होगी।

पूना में संचेती इंस्टिट्यूट में उनके दोनो पाँव की मेजर सर्जरी हुयी। लेकिन पोलियोग्रस्त माँसपेशियाँ सर्जरी के दबाव का भार नहीं उठा सकी। अत्याधिक कमजोरी और थकान की बीमारी पोस्ट पोलियो सिन्ड्रोम से ग्रस्त होने से जीवन एक दर्द बन गया और बोझ लगने लगा। अपनी माँ स्व. श्रीमती रूकमणी देवी एवं पिता स्व. श्री गोकुलानन्द मैखुरी जी की प्रेरणा से पूजनीय श्री मोहन जगूड़ी जी के दिव्य व्यक्तित्व के सम्पर्क में आयी।

श्री मोहन जगूड़ी जी ने योग, ध्यान और वेदों की कथाओं से जीने की प्रेरणा दी। जीवन में पीड़ा को स्वीकृत करने, समझने, अंगीकृत करने और उसके मध्य ही खुशी की तलाश करने का मार्ग प्रशस्त किया। जीवन का अन्त समस्या का हल नहीं अपितु जीवन अपने से भी दु:खी एवं निर्बल जन की सेवा में अर्पित करना सार्थक है। निराशा से आशा का जन्म हुआ।

सुश्री मधु मैखुरी अपने वृद्ध माता पिता की सेवा तथा बैंक के अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सतत् निर्वहन कर सकी। जीवन में उत्साह और उमंग का पर्दापण हुआ तो अपने समान दिव्यांगजन का मार्ग प्रशस्त करने हेतु सुश्री मधु मैखुरी का मन संकल्पित हो गया।

श्री मोहन जगूड़ी जी के आर्शीवाद एवं मार्गदर्शन में गोकुल संस्था की स्थापना दिव्यांग जन के कल्याण हेतु वर्ष 2000 में हुयी। दिसम्बर 2000 में विशाल चिकित्सा शिविर के आयोजन, जिसमें 800 जरूरतमन्द व्यक्तियों को विशिष्ट सलाह के साथ 44 ट्रायसाईकल, 20 व्हील चेयर, 20 बैसाखी प्रदान की गयी, से सेवा की अनवरत यात्रा प्रारम्भ हुयी।

माता–पिता की सहमति से सुश्री मधु मैखुरी ने विवाह ना करने का निश्चय किया था। बैंक की नौकरी से प्राप्त वेतन का अधिकतम हिस्सा उनके द्वारा दिव्यांग एवं जरूरतमन्द व्यक्तियों की सहायता हेतु लगाया गया। इस प्रकार वह तन, मन, धन से सेवा को समर्पित हो गयी। उनके द्वारा दिव्यांगजन की समस्याओं को लेकर समाज के प्रबुद्ध वर्ग से सम्पर्क किया गया। इस प्रकार समस्त व्यक्तियों की सहायता से गोकुल लगभग 41524 व्यक्तियों की सेवा करने में समर्थ हुआ।

--•••--

# गोकुल की सेवा यात्रा

गोकुल एक स्वप्न एक आकांक्षा है समाज के बदलते परिदृश्य की जहाँ विविध रूप से विभूषित बच्चों की प्रतिभा का सम्मान हो, उनके अनुकूल माहौल का निर्माण हो और वह आर्थिक सामाजिक रूप में आत्मनिर्भर हो समाज के निर्माण में अहम् भूमिका निभाये ताकि समाज को इन पर गर्व हो।

वर्ष 2000 में देहरादून में आयोजित प्रथम चिकित्सा शिविर में अपोलो हॉस्पिटल और विम्हन्स हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों की भागीदारी में 800 जरूरतमन्द व्यक्तियों की सेवा के साथ प्रारम्भ हुयी गोकुल यात्रा आज 91 कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 41524 व्यक्तियो तक सफलता पूर्वक पहुँच पायी है। शिविर में एलिम्को की ओर से 44 ट्राईसाइकिल, 20 बैसाखी, 20 व्हील चेयर का वितरण किया गया। प्रथम शिविर में उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों मे वृहद् प्रचार से कई जरूरतमन्द व्यक्तियों ने शिविर की सुविधाओं का लाभ उठाया। इनमें कई व्यक्ति जटिल विकलांगता से पीड़ित थे। उनकी स्थिति देखकर सुश्री मधु मैखुरी दृढ़ प्रतिज्ञ हुयी कि इस क्षेत्र मे सेवा की आवश्यकता है।

तत्पश्चात दिल्ली एवं देहरादून के विख्यात हॉस्पिटल यथा विम्हन्स, अपोलो, सर गंगा राम, सी एम आई, दून नर्सिंग होम, मैक्स हॉस्पिटल, ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों की सहायता से देहरादून तथा दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों यथा नागनाथ पोखरी, गोपेश्वर, लंगासू, जनपद चमोली, कौसानी, जनपद अल्मोड़ा, श्रीनगर, जनपद पौड़ी, दीन गाँव, लछमोली, बौराडी नई टिहरी जनपद टिहरी में विशाल स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निःशुल्क किया गया।

गोकुल की स्थापना से आज तक 35 चिकित्सा शिविर तथा 44 जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया 2 कम्प्यूटर केन्द्र का उन्नति करण तथा समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित 10 शिविरो में सहभागिता की गयी। चिकित्सा शिविर में लाभान्वित रोगियों की संख्या लगभग 12487 हैं। शिविरों में निःशुल्क एक्सरे, अल्ट्रासाउन्ड, ईसीजी, कलर डापलर, ब्लड- जाँच, ब्लडप्रेशर जाँच, आडियोमैट्री टेस्ट, बी एम डी टेस्ट आदि की सुविधा प्रदान की गयी। 7150 व्यक्तियो को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। 1685 व्यक्तियों को कृत्रिम अंग उपकरण लगाये गये। शिविर में समाज कल्याण विभाग के सहयोग से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में आम जनता को जागरूक किया गया।

समस्त चिकित्सा शिविरों में देहरादून तथा दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सलाह प्रदान की गयी। लगभग 632 दिव्यांग व्यक्तियों को विकलांगता प्रमाण पत्र जिला चिकित्साधिकारी के सहयोग से प्रदान किये गये। जागरूकता शिविर के प्रतिभागियों की संख्या लगभग 5607 है।

गोपेश्वर जिला चमोली में चिकित्सा शिविर के आयोजन के दौरान चिकित्सकों द्वारा तत्कालीन मुख्य सचिव के सम्मुख विचार रखा गया कि शिविर में आये कई गंभीर रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के सर्जरी से 50 से 80 प्रतिशत तक ठीक होने की संभावना हैं। दून हॉस्पिटल, देहरादून से अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ की संयुक्त टीम द्वारा गोपेश्वर जिला चिकित्सालय में चिकित्सा शिविर में सर्जरी हेतु चयनित रोगियों की पुनः विस्तृत जॉच के पश्चात् 11 बच्चों को सर्जरी हेतु चयनित किया गया।

उत्तराखण्ड शासन द्वारा दिव्यांगजन के हित में विशेष रूचि दर्शाते हुए गोकुल के माध्यम से 11 बच्चों की सर्जरी देहरादून में करायी गयी। सर्जरी में उत्तराखण्ड शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक सहायता, शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को देहरादून पहुँचाने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्जरी की व्यवस्था की गयी। सर्जरी हेतु अभिभावकों से वार्ता कर गोकुल द्वारा जागरूक एवं उत्साहित किया गया। गोकुल द्वारा दिव्यांग बच्चों की सुधारात्मक सर्जरी हेतु शुरू किये गये अभियान में 252 बच्चों की सर्जरी करायी गयी। जिसकी सफलता के उपरान्त राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड के लगभग समस्त जनपदों के दिव्यांग बच्चों की सुधारात्मक सर्जरी करायी गयी। इस प्रकार इन सभी बच्चों को नया जीवन प्राप्त हुआ।

वर्ष 2007 में गोकुल फिजियोथैरेपी केन्द्र की गोकुल केन्द्र देहरादून में स्थापना की गयी। फिजियोथैरेपी केन्द्र के लाभार्थियों की संख्या लगभग 4070 है। वर्ष 2010 में आर्टिफिशियल लिम्बस केन्द्र की स्थापना की गयी। लगभग 551 व्यक्तियों को आर्टिफिशियल लिम्बस प्रदान किये गये। गोकुल आर्टिफिशियल लिम्बस केन्द्र की हर्रावाला स्थित वर्कशाप में श्रेष्ठ कोटि के कृत्रिम अंग निर्मित कर चमोली, पौड़ी, उत्तरकाशी, टिहरी के सुदूर क्षेत्रों से चयनित दिव्यांग व्यक्तियों को लगाये गये जो अपना हाथ अथवा पाँव दुर्घटना में गंवा चुके हैं। इन युवाओं को पहाड़ में रह कर ही आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। कृत्रिम पाँव

लगाने के बाद श्री हरीश सिंह नेगी देहरादून में प्राईवेट नौकरी तथा श्री अजय ई रिक्शा चलाकर आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं।

गोकुल केन्द्र हर्रावाला में कम्प्यूटर केन्द्र का उदघाटन वर्ष 2009 में किया गया। वर्तमान में गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र में जरूरतमंद वर्ग को स्वालम्बी बनाने हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र के लाभार्थियों की संख्या लगभग 1555 है।

गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र में प्रशिक्षित पोलियोग्रस्त श्री विनोद नेगी हेतु आपदाग्रस्त क्षेत्र रूद्रप्रयाग जनपद में गोकुल के आर्थिक सहयोग से ग्राम भीडी एवं कंडारा, श्री अंशुमन गौड हेतु आपदाग्रस्त क्षेत्र रूद्रप्रयाग जनपद के ग्राम बसुकेदार, श्री अनुराग हारन हेतु आपदाग्रस्त क्षेत्र उत्तरकाशी जनपद के ग्राम बडकोट, श्री सत्यपाल सिंह थलवाल हेतु टिहरी जनपद के ढालवाला में संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से स्थानीय बच्चों/युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। लाभार्थियों की संख्या वर्तमान में 5609 है। जो कि गोकुल द्वारा पहाड़ से पलायन रोकने की दिशा में किये गये प्रयास का एक सफल उदाहरण है।

वर्ष 2019 में सांसद टिहरी संसदीय क्षेत्र विकास योजनानर्न्तगत गोकुल संस्था को वाहन प्रदान किया गया। जिसके माध्यम से लगभग 279 व्यक्तियों को वाहन सेवा प्रदान की गयी। गोकुल द्वारा जरूरतमंद तथा दिव्यांग वर्ग के लगभग 202 बच्चों को शिक्षा हेतु सहायता प्रदान की गयी। चिकित्सा सलाह केन्द्र के लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या 416 है। संगीत प्रशिक्षण के लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या 55 है।

दिव्यांगजन की आत्मनिर्भरता हेतु 49 लैपटॉप तथा कम्प्यूटर वितरित किये गये। दिव्यांगजन हेतु कौशल प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लाभान्वित व्याक्तियों की संख्या 05 है। कोविड–19 महामारी के दौरान जरूरतमंद व्यक्तियों हेतु राशन वितरण के लाभान्वित व्याक्तियों की संख्या 186 है।

गोकुल की यह अनवरत सेवा यात्रा राज्य सरकार, विभिन्न संस्थाओं, सरकारी विभागों, कार्यालयों, शिक्षा संस्थानों, व्यवसायिक केन्द्रों तथा व्यक्तिगत दानवीरों द्वारा प्रदत्त सहयोग से ही सफल हुयी। गोकुल समाज के समर्थ वर्ग तथा जरूरतमंद व्यक्तियों के मध्य सेतु का कार्य कर रहा है। समस्त दानराशि का ब्यौरा विधिवत रखा जाता है। जिसका वार्षिक अंकेक्षण मैसर्स माटा गर्ग एण्ड कम्पनी के अनुभवी लेखाकारों द्वारा किया जाता है। गोकुल प्रबन्ध समिति अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु सत्त सजग एवं समर्पित है।

दिव्यांग व्यक्तियों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा यथा परामर्श, सर्जरी, कृत्रिम अंग/उपकरण एवं शिक्षा के साथ विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार प्रदान करने हेतु भी गोकुल प्रतिबद्ध है। आपके द्वारा स्वयं अथवा समूह में प्रदत्त आर्थिक सहयोग उत्तराखण्ड के दिव्यांग जन के जीवन में एक नया सवेरा लाने में सफल होगा। गोकुल की यह अनन्त सेवा यात्रा आप सबके जुड़ाव की मुंतजिर हैं, जिससे जरूरतमन्द तथा दिव्यांग जन को चिकित्सा, शिक्षा, स्वावलम्बन प्राप्त हो। आइये एक पग बढ़ायें उनकी ओर जो हम तक पहुंच नही सकते।

## दिव्यांगजन/जरुरतमंद व्यक्तियों के सशक्तिकरण हेतु सेवा कार्य वर्ष 2024–25

| Sr. | ACTIVITIES | ACTIVITIES 2024-25 |
|---|---|---|
| 1 | Organization of Health Camp | 01 |
| 2 | Organization of Awareness Program | 04 |
| 3 | Upgradation of Gokul Computer Centre | 01 |
| 4 | Organization of Artificial Limb Camp | 01 |
| | **TOTAL PROGRAMMES** | **07** |
| Sr | **PARTICULAR** | **BENEFICIARY 2024-25** |
| 1 | Beneficiaries of Gokul Ayurvedic Health Care ( Medicine) | 38 |
| 2 | Beneficiaries of Health Camp<br>A) Beneficiaries of Free Counselling 130<br>B) Registration by ALIMCO for Wheel Chair,Tricycle,Artificial Limb for Divyang & Sahayak Upkaran for old persons 09<br>C) Registration for Artificial Limbs by Gokul 13 | 152 |
| 3 | Beneficiaries of Awareness Program | 230 |
| 4 | Beneficiaries of Awareness in Health Camp about Govt. Schemes by District Social Welfare Office, Dehradun | 17 |
| 5 | Beneficiaries of UDID Registration (DDRC) in Health Camp by District Social Welfare Office, Dehradun | 13 |
| 6 | Issuance of Divyang Certificate in Health Camp | 06 |
| 7 | Beneficiaries of Motorized Tricycle by ALIMCO | 01 |
| 8 | Beneficiaries of Artificial Aid/ Appliances in Health Camp<br>A) Beneficiaries of Hearing Aid by NIEPVD 05<br>B) Beneficiaries of Wheel Chair by District Social Welfare Office 01<br>C) Beneficiaries of Hearing Aid by District Social Welfare Office, Dehradun 01 | 07 |
| 9 | Beneficiaries of Gokul Artificial Limbs Centre in Health Camp | 14 |
| 10 | Beneficiaries of ECG in Health Camp | 05 |
| 11 | Beneficiaries of Blood Pressure, Blood Sugar Test facility in Health Camp | 120 |
| 12 | Beneficiaries of Medicine in Health Camp | 100 |
| 13 | Beneficiaries of Gokul Artificial Limbs Centre | 22 |
| 14 | Beneficiaries of Gokul Computer Centre | 29 |
| 15 | Beneficiaries of Computer Centre established for Divyang persons: **District Rudraprayag- Village Bhiri 15, Village Kandara 10, Village Basukedar 19, Village Badkot 16, Dhalwala 9** | 69 |
| 16 | Beneficiaries of Education Support | 05 |
| 17 | Beneficiaries of Conveyance Support | 20 |
| 18 | **Computer/ Laptop Distribution** | 05 |
| | **TOTAL** | **853** |

# Gokul's Journey So Far ( From FY 2000-2001 to 2024-25)

| S.No. | ACTIVITIES | UPTO F Y 2024-25 |
|---|---|---|
| 1 | Total no. of Medical Camps arranged by Gokul | 30 |
| 2 | Total no. of Ayurvedic Health Camps arranged by Gokul | 04 |
| 3 | Total no. of Artificial LimbCamps arranged by Gokul | 01 |
| 4 | Upgradation of Computer Centre | 02 |
| 5 | Assistance provided to camps organized by other organizations like Rotary Club. Dehradun & Social Welfare Deptt., District Dehradun | 10 |
| 6 | Awareness Programme<br>a. Yoga Camp 08<br>b. Cultural Programme 13<br>c. Health Awareness 11<br>d. Self Dependent 12 | 44 |
| | TOTAL PROGRAMMES | 91 |

# Gokul's Journey So Far ( From FY 2000-2001 to 2024-25)

| S.No. | ACTIVITIES | BENEFICIARIES F Y 2024-2025 |
|---|---|---|
| 1 | Number of Participants in Awareness Programme | 5607 |
| 2 | Total no of patients examined | 12487 |
| 3 | Issuance of Disability Certificate in medical Camp | 632 |
| 4 | Types of Artificial Aid/Appliances distributed or assisted in distribution in medical Camp | 1685 |
| 5 | Beneficiaries of UDID Registration (DDRC) in Health Camp by District Social Welfare Office, Dehradun | 13 |
| 5 | Surgeries performed | 252 |
| 6 | Beneficiaries of Gokul Artificial Limb Centre | 563 |
| 7 | Beneficiaries of Gokul Computer Centre | 1555 |
| 8 | Beneficiaries of Gokul Physiotherapy Centre | 4070 |
| 9 | Beneficiaries of Miscellaneous Facilities Such as support for Education, Medicine etc | 202 |
| 10 | Beneficiaries of Medical Consultancy | 416 |
| 11 | Beneficiaries of Computer Education in Natural Calamity Affected ,Hilly Distt Rudraprayag, Distt Tehri, Distt Uttarkashi | 5609 |
| 12 | Computer/ Laptop Distribution | 49 |
| 13 | Beneficiaries of Conveyance Services | 279 |
| 14 | Beneficiaries of Music | 55 |
| 15 | Beneficiaries of Skill Training | 06 |
| 16 | Computer Centre Establishment for Divyang Persons | 06 |
| 17 | Beneficiaries of Medicine in Medical Camps | 7150 |
| 18 | Beneficiaries of Medicine in Gokul Ayurvedic Health Care | 226 |
| 19 | Beneficiaries of Ration Facility during Covid-19 Pandemic | 186 |
| 20 | Beneficiaries of Neo Fly Wheel Chair | 02 |
| 21 | Beneficiaries of Scooty with Four Wheels | 02 |
| 22 | Beneficiaries of Blood Pressure, Blood Sugar Test facility | 458 |
| 23 | Beneficiaries of ECG facility | 13 |
| 25 | Beneficiaries of Motorized Tricycle by ALIMCO in Health Camp | 01 |
| | Total Number of Beneficiaries | 41524 |
| | Total no of Doctors participated in the camps | 197 |

## गोकुल संस्था द्वारा व्हील चेयर वितरण






गोकुल संस्था द्वारा दिनांक 1 जून 2024 को सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्त श्री लव कुश, सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्त बेबी नव्या बडोला एवं शारीरिक दिव्यांग श्री विनय सेमवाल को व्हील चेयर वितरण। व्हील चेयर हेतु विशेष सहयोग गोकुल संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री जी एन कुलश्रेष्ठ, साईंटिस्ट (रिटा0), इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ पेट्रोलियम एवं श्रीमती मेघा शर्मा द्वारा प्रदान किया गया।



श्री लव कुश



श्री विनय सेमवाल

# शिक्षा हेतु सहायता



सुश्री सार्वनिका कंडारी
पुत्री श्रीमती प्रियंका कंडारी



बेबी आरुही रावत
पुत्री श्रीमती सोनाली रावत



श्री आदर्श उनियाल
दृष्टि बाध्यता



बेबी प्रियांशी राणा
बी0पी0एल



श्री मनवर रावत
पोलियो ग्रस्त

## शिक्षा हेतु सहायता



श्री आदर्श उनियाल के पिता श्री अश्वनी उनियाल को फीस का चैक प्रदान करते हुये वरिष्ठ सदस्य श्री जी एन कुलश्रेष्ठ, साईंटिस्ट (रिटा0) , इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ पेट्रोलियम, देहरादून



शिक्षा हेतु सहायता के लाभार्थी

# लैपटॉप वितरण



गोकुल संस्था द्वारा दिव्यांग श्री अनिल सक्सेना,
ऊधमसिंह नगर को दिनांक 9 अप्रैल 2024 को
लैपटॉप प्रदान करते हुये श्री एस के गुप्ता, पूर्व प्रबन्ध निदेशक,
उत्तराखण्ड जल संस्थान



# गोकुल संस्था तथा जिला प्रशासन, देहरादून द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर दिनांक 17 नवंबर 2024 का सफल आयोजन

गोकुल संस्था तथा जिला प्रशासन, देहरादून द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का_दिनांक 17 नवंबर 2024 को ITM, 60 चकराता रोड, देहरादून में सफल आयोजन किया गया। परमाघ्यक्ष गोकुल श्री मोहन जगूड़ी जी द्वारा अवगत कराया गया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्रीमती राधा रतूड़ी, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड के संरक्षण तथा श्री सविन बंसल, जिलाधिकारी, जनपद देहरादून कें उर्जावान नेतृत्व में किया जा रहा है।

शिविर का उद्घाटन सम्मानीय श्री अभिनव शाह मुख्य विकास अधिकारी जनपद देहरादून द्वारा कार्यक्रम अध्यक्ष के रुप में श्री निशान्त थपलियाल, अध्यक्ष आई.टी.एम., अति विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला विकास अधिकारी जनपद देहरादून, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जनपद देहरादून, श्रीमती अमिता रतूडी महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कारोनेशन हॉस्पिटल, देहरादून, श्री सुनील सिंह, जिला विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी, जनपद देहरादून की गरिमामयी उपस्थिति में  दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में लगभग 100 व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समारोह में नि:स्वार्थ भाव से  स्वास्थ्य शिविर में सेवायें प्रदान कर रहे चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि द्वारा दिव्यांग जन को व्हील चेयर तथा मोटराइज्ड ट्रायसाईकिल प्रदान की गयी । परमाध्यक्ष गोकुल श्री मोहन जगूड़ी जी द्वारा गोकुल संस्था के उत्तराखण्ड राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों मे जरूरतमंद तथा दिव्यांगजन के हित में समर्पित सेवा कार्यो के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन सचिव, सुश्री मधु मैखुरी द्वारा किया गया। सम्मानित मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथिगण द्वारा स्वास्थ्य शिविर में प्रत्येक वार्ड का भ्रमण कर शिविर में प्रदत्त सुविधाओं की सराहना की गयी। शिविर में 130 व्यक्तियों को चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क सलाह प्रदान की गयी तथा शिविर तथा शिविर में 29 दिव्यांगजन को विभिन्न सुविधायें प्रदान की गयी तथा 21 दिव्यांगजन को विभिन्न सुविधाओं हेतु रजिस्टर किया गया। 2 बुजुर्ग व्यक्तियों को सहायक उपकरण  हेतु रजिस्टर किया गया। 17 व्यक्तियों को जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जनपद देहरादून द्वारा जानकारी प्रदान की गयी । इस प्रकार कुल 199 व्यक्तियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त हुआ।

100 व्यक्तियों को गोकुल संस्था द्वारा नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। ग्राफिक एरा हॉस्पिटल द्वारा 120 व्यक्तियों को नि: शुल्क ब्लड शूगर जाँच, वजन जाँच सुविधा तथा 5 व्यक्तियों को  ईसीजी सुविधा  प्रदान की गयी।



शिविर में डॉ महेश कुड़ियाल, कम्बाइंड मेडिकल इंस्टीट्यूट देहरादून ए न्यूरो रोग विशेषज्ञ द्वारा 7 व्यक्तियों तथा ग्राफिक एरा हॉस्पिटल से अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा 18 व्यक्तियों, स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 4 व्यक्तियों, फिजिशियन द्वारा 36 व्यक्तियों, नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 31 व्यक्तियों, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ द्वारा 16 व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा सलाह प्रदान की गयी। स्माईल डॉक्टर मल्टीस्पेशियलिटी डेन्टल एण्ड ऑर्थोडॉन्टिक क्लीनिक से डॉ मोदित गुप्ता द्वारा 2 व्यक्तियों तथा आयुर्वेदिक फिजिशियन डॉ दीपिका जगूड़ी द्वारा 11 व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा सलाह प्रदान की गयी। NIEPVD से किलिनिकल साइकॉलोजिस्ट द्वारा 5 व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा सलाह प्रदान की गयी।



शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र, देहरादून द्वारा 01 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्रायसाईकिल प्रदान की गयी। 4 दिव्यांगजन द्वारा व्हील चेयर/ट्रायसाईकिल हेतु निवेदन किया गया, 3 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं 2 बुजुर्ग व्यक्तियों को सहायक उपकरण हेतु रजिस्टर किया गया।

NIEPVD द्वारा जाँच के पश्चात् 5 व्यक्तियों को नि:शुल्क हेयरिंग एड वितरित किये गये।

गोकुल संस्था द्वारा 4 व्यक्तियों को व्हील चेयर प्रदान की गयी तथा 13 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग हेतु रजिस्टर किया गया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, देहरादून द्वारा कल्याणकारी योजनाओं यथा वृद्वावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, किसान पेंशन आदि एवं शादी अनुदान योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना हेतु 17 ब्यक्तियों को जानकारी प्रदान की गयी तथा 13 दिव्यांगजन को न्क्प्क पंजीकरण (DDRC) सुविधा प्रदान की गयी, 1 व्यक्ति को व्हील चेयर, 1 व्यक्ति को हेयरिंग एड प्रदान की गयी।

जिला चिकित्साधिकारी कार्यालय, देहरादून से 13 व्यक्तियों की दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु जांच के प चात 6 दिव्यांगजन को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया।

स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु परिसर प्रदान कर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एंड मैनेजमेंट (आई टी एम ), देहरादून द्वारा विशेष सहयोग किया गया।

शिविर के आयोजन में जिला प्रशासन, देहरादून, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, देहरादून, जिला चिकित्साधिकारी कार्यालय, देहरादून तथा उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक एवं श्री कालिका माता समिति की ओर से सहयोग प्रदान किया गया।

गोकुल संस्था की ओर से सदस्या श्रीमती पूनम डोबरियाल, श्रीमती चारू राणा, श्री दीपक शैली, श्रीमती गीता, श्रीमती सुषमा बड़थ्वाल, श्रीमती अर्चना, श्री आशीष नकोटी, सुश्री प्रशिता, सुश्री अनुष्का एवं श्री अनिरुद्ध संयोजक श्री विपिन रावत द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

——•••——

## Free Health Camp organized by Gokul Society and District Administration, Dehradun on 17th November 2024

Gokul Society organized a successful free Health Camp at ITM, 60 Chakrata Road, Dehradun on 17/11/2024 with the support of District Administration, District Social Welfare Office & District Health Office, Dehradun.

The Camp was inaugurated by the Chief Guest Respected Shri Abhinav Shah Chief Development Officer, District Dehradun in the dignified presence of Program Chairman Sh Nishant Thapliyal, Chairman, ITM, Guest of Honour Smt Amita Raturi, General Manager, Uttarakhand Gramin Bank and Additional Chief Medical Superintendent, Coronation Hospital, Dehradun, Special Guest Sh Sunil Singh, District Development Officer and Social Welfare Officer, District Dehradun by lighting the Lamp. The Inauguration Ceremony was attended by approx. 100 persons.

The Medical Specialists providing selflesh services in the Camp were honoured with Momento. Respected Guests also provided Wheel Chair and Motorized Tricycle to Divyang Persons. Sh. Mohan Jaguri, President, Gokul Society provided information regarding dedicated services of Gokul Society to the Needy & Divyang Persons residing in remote hilly areas of Uttrakhand. Miss. Madhu Maikhuri, Secretary, Gokul Society conducted the Programme.

Respected Chief Guest & Special Guest visited each ward in the Camp & appreciated the facilities being provided in the camp. In the Camp Free Consultancy was provided to 130 persons, various facilities were provided to 29 Divyang Persons and 21 Divyang Persons were registered for various facilities. 2 Old Persons were registered for support Devices. District Social Welfare Office, Dehradun provided information to 17 Persons. Thus Total 199 persons were benefitted from the Free Health Camp.

Facility of Blood Sugar Test and Weight Check was provided to 120 Persons free of cost by the team deputed by Graphic Era Hospital, Dehradun. ECG facility was also provided to 05 persons by Graphic Era Hospital, Dehradun. Gokul Society Provided Free Medicines to 100 Persons.

In the Health camp consultancy was provided to 7 persons by Dr. Mahesh Kuriyal, Senior Neurologist, Combined Medical Institute, Dehradun, 18 persons by Orthopedist, 4 persons by Gynecologist, 36 persons by Physician, 31 persons by Eye Specialist, 16 persons by ENT Specialist from Graphic Era Hospital, Dehradun, 2 persons by Smile Doctor Multi Speciality Dental and Orthodontic Clinic, Dehradun and 11 Persons by Ayurvedic Physician Dr. Deepika Jaguri and 5 persons by Clinical Psychologist from NIEPVD**.**

ALIMCO Dehradun distributed Motorized Tricycle to 01 Divyang person, received Application for distribution of Wheel Chair/ Tricycle from 04 Divyang person, registered 03 Divyang persons for Artificial Limb and 02 Old persons for Support Devices.

National Institute for the Empowerment of persons with Visual Disablities, Dehradun, provided Hearing Aids to 05 Needy & Divyang Persons. Gokul Society provided wheel chair to 04 Divyang

Persons and registered 13 persons for Artificial Limbs.

District Social Welfare Office, Dehradun provided information to 17 persons for Old Age Pension, Divyang Pension, Farmer Pension and Shaadi Anudan Yojna and provided UDID registration facility to 13 Divyang Persons, Wheel Chair to 01 person and Hearing Aid to 01 person.

Addl Chief Medical Superintendent & a team of Doctors from Coronation Hospital, Dehradun, issued Disability Certificate to 06 Persons out of 13 Persons examined in the Camp.

Institute of Technology and Management ( ITM ), Dehradun provided special support by providing the premises of ITM for organization of Health camp.

The Health Camp was organized with the support of District Administration Dehradun, District Social Welfare Office, Dehradun, Chief Medical Officer, Dehradun, Uttarakhand Gramin Bank and Shri Kalika Mata Samiti, Dehradun. The Health camp was Successfully conducted with Support of NSS cadets from ITM, Dehradun.

Smt. Poonam Dobriyal, Smt. Charu Rana, Smt. Sushma Barthwal, Smt. Archana, Sh. Ashish Nakoti, and Sh. Vipin Rawat from Gokul Society supported in the successful organization of the Health Camp.

——•••——




## Free Health Camp at ITM Dehradun with support of District Administration, Social Welfare office, Chief Medical Officer Office Dehradun

| S.N | Facility Provided | Beneficiaries | Total Beneficiaries |
|---|---|---|---|
| 01 | **Bene**ficiaries of Health Camp<br>A) Beneficiaries of Free Counselling<br>B) Registration by ALIMCO for Wheel Chair,Tricycle,Artificial Limb for Divyang & Sahayak Upkaran for old persons<br>C) Registration for Artificial Limbs by Gokul | 130<br>09<br>13 | 152 |
| 02 | Beneficiaries of Awareness Program | 230 | 230 |
| 03 | Beneficiaries of Awareness in Health Camp about Govt. Schemes by District Social Welfare Office, Dehradun | 17 | 17 |
| 04 | Beneficiaries of UDID Registration (DDRC) in Health Camp by District Social Welfare Office, Dehradun | 13 | 13 |
| 05 | Issuance of Divyang Certificate in Health Camp | 06 | 06 |
| 06 | Beneficiaries of Motorized Tricycle by ALIMCO | 01 | 01 |
| 07 | Beneficiaries of Artificial Aid/ Appliances in Health Camp<br>Beneficiaries of Hearing Aid by NIEPVD<br>Beneficiaries of Wheel Chair by District Social Welfare Office<br>Beneficiaries of Hearing Aid by District Social Welfare Office, Dehradun | 05<br>01<br>01 | 07 |
| 08 | Beneficiaries of Gokul Artificial Limbs Centre in Health Camp | 14 | 14 |
| 09 | Beneficiaries of ECG in Health Camp | 05 | 05 |
| 10 | Beneficiaries of Blood Pressure, Blood Sugar Test facility in Health Camp | 120 | 120 |
| 11 | Beneficiaries of Medicine in Health Camp | 100 | 100 |

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, आई टी एम, देहरादून : छाया चित्र

## प्रचार प्रसार



पूजनीय परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी के आशीर्वाद स्वरूप
गोकुल संस्था तथा जिला प्रशासन, देहरादून
इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एंड मैनेजमैंट, देहरादून
के तत्वाधान में
भारतीय स्टेट बैंक
के सहयोग से


निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दिनॉक: 17 नवंबर 2024 (रविवार) समय: प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक
स्थान: इंस्टीट्यूट आफ टैक्नोलोजी एंड मैनेजमैंट
60, चकराता रोड, नियर बिंदाल पुल, देहरादून
रजिस्ट्रेशन दिनॉक 17 नवंबर 2024 को आयोजन स्थल पर प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक ही किया जायेगा।

निःशुल्क जाँच एवं परामर्श

कम्बाईंड मेडिकल इंस्टीट्यूट देहरादून
डॉ महेश कुड़ियाल. न्यूरो रोग विशेषज्ञ
ग्राफिक एरा हॉस्पिटल
अस्थि रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन,
नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
एवं निःशुल्क ब्लड शूगर जाँच, वजन जाँच, ईसीजी सुविधा
स्माईल डॉक्टर मल्टीस्पेशियलिटी डेन्टल एण्ड ऑर्थोडॉन्टिक क्लीनिक
डॉ मोदित गुप्ता (बी.डी.एस, एम.डी.एस)
आयुर्वेदिक फिजिशियन
डॉ दीपिका जगूड़ी (बी.ए.एम.एस)

- निःशुल्क दवा वितरण (जरूरतमंद व्यक्तियों हेतु)।
- जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, देहरादून द्वारा कल्याणकारी योजनाओं यथा वृद्धावस्था पेंशन, पेंशन, किसान पेंशन आदि एवं शादी अनुदान योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना हेतु जानकारी। दि हेतु UDID पंजीकरण (DDRC) सुविधा, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आधार छायाप्रति (Both side) प्रस्तुत करने पर।
